**प्रेस नोट**
**दिनांक 06.07.2026, थाना- को0 तरबगंज**
**जनपद गोण्डा।**

## थाना को0तरबगंज पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेज तैयार कर छल से जमीन हड़पने के 01 वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

**कार्यवाही:-**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तरबगंज श्री उमेश्वर प्रभात सिंह के नेतृत्व में थाना को0 तरबगंज पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 183/2026 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 351(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 01 वांछित अभियुक्त - प्रमोद कुमार सिंह पुत्र रामसुन्दर निवासी भिखारीपुर कला थाना तरबगंज जनपद गोण्डा को तरबगंज कस्बे में स्थित चाय की दुकान से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

थाना को0 तरबगंज क्षेत्रान्तर्गत रहने वाली एक महिला द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि उनका लड़का मन्द बुद्धि का है दिनांक 07.03.2026 को विपक्षीगण द्वारा छल कर डराकर वादिनी के लड़के की सम्पूर्ण अंश भूमि अपने नाम दान करा लिया । जिसकी जानकारी होने पर लड़के द्वारा पूछने पर जाने से मारने की धमकी दी गयी। वादीनी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0तरबगंज में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 06.07.2026 को थाना को0 तरबगंज पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए 01 वांछित अभियुक्त- प्रमोद कुमार सिंह पुत्र रामसुन्दर निवासी भिखारीपुर कला थाना तरबगंज जनपद गोण्डा को तरबगंज कस्बे में स्थित चाय की दुकान से गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

01. प्रमोद कुमार सिंह पुत्र रामसुन्दर निवासी भिखारीपुर कला थाना तरबगंज जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग-**

01. मु0अ0सं0- 183/2026 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2), 351(2) बी0एन0एस0 थाना तरबगंज जनपद गोण्डा ।

**गिरफ्तार कर्ता टीम-**

01. उ0नि0 जितेन्द्र पाण्डेय
02. का0 अनिल यादव

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 06.07.2026**
**संपूर्ण समाधान दिवस**
**जनपद गोण्डा।**

**जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील सदर में जनसमस्याओं को सुना गया एवं उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया-**

आज दिनांक 06.07.2026 को उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में सदर तहसील गोण्डा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल व राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगणों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान अधिकारीगणों द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। अधिकारीगणों द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश शासन के दिशा-निर्देशों से अधिकारी एवं कर्मचारीगणों को अवगत कराते हुये प्रार्थना-पत्रों की समयबद्ध जांच, कार्यवाही एवं समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

**इस अवसर पर पुलिस, राजस्व व अन्य विभाग के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।**

**मीडिया सेल, गोण्डा।**